# बीएचईएल ने भारतीय हरित ऊर्जा पुरस्कार 2019 जीता




नई दिल्ली, 17 दिसंबर: बीएचईएल ने त्रिची स्थित अपने 7.5 मेगावाट के सोलर पीवी प्लांट के लिए आउटस्टैंडिंग रिन्यूएबल एनर्जी जनरेशन प्रोजेक्ट्स (सोलर) श्रेणी में भारतीय हरित ऊर्जा पुरस्कार 2019 जीता है। यह पुरस्कार श्री अनिल कपूर, निदेशक (मा.सं.), बीएचईएल द्वारा श्री नितिन गडकरी, माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं एमएसएमई मंत्री के कर-कमलों द्वारा, डॉ. राजीव कुमार, उपाध्यक्ष, नीति आयोग की उपस्थिति में प्राप्त किया। यह पुरस्कार इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई) द्वारा स्थापित किया गया है, जो एक स्थायी इको-सिस्टम बनाने और इससे संबन्धित चुनौतियों और चिंताओं को कम करने के लिए विभिन्न उद्योगों और सेवाओं के दूरदर्शी एवं पणधारकों के प्रतिबद्ध समूहों की भागेदारी है।

---